आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट




बर्ष :13 अंक :358 पृष्ठ -4 दिनांक 01 जनवरी 2025 दिन बुधवार




# यूपी में पड़ने लगी हाड़ कंपाने वाली सर्दी



उत्तर प्रदेश में बारिश और बर्फीली हवाओं की वजह से तापमान में तेजी से गिरावट आई है. पहाड़ों पर हुई बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में अब हाड़ कंपाने वाली सर्दी शुरू हो गई है. पिछले दो दिनों से सूरज ने भी बादलों की चादर ओढ रखी है. मौसम विभाग की मानें तो अगले 48 घंटों में पारा और गिरेगा. इससे सर्दी का कहर देखने को मिलेगा. हालांकि, नए साल पर मौसम के शुष्क ही रहने की संभावना है, लेकिन शीत दिवस का अलर्ट जारी किया गया है.मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार 31 दिसंबर को प्रदेश में मौसम शुष्क ही रहेगा, लेकिन इस दौरान ज्यादातर जिलों में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है. वहीं कोहरे के साथ आज का दिन बेहद ठंडा रहने की भी चेतावनी दी गई है. ऐसे में घर से निकलने से पहले सावधान रहें. बुधवार को भी ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है. इस दौरान सुबह और शाम के समय हल्के से मध्यम तक कोहरा छाने के संभावना बनी हुई है. मौसम में तेजी से आया बदलाव यूपी में सोमवार को तेजी से तापमान में गिरावट देखने को मिली है. मैदानी इलाकों में अब कड़ाके की सर्दी पड़ना शुरू हो गया है. आलम ये है कि लोग अलाव के सहारे ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं. पिछले 24 घंटों में बुलंदशहर में सबसे ठंडा दिन रहा. यहां न्यूनतम तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अयोध्या में 9.0, नजीबाबाद में 9.5, इटावा में 9.6, मेरठ और आगरा में 10.3 और राजधानी लखनऊ में न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम विभाग जारी किया शीत दिवस का अलर्ट मौसम विभाग के मुता. बिक आने वाले दिनों में तापमान में 2–4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है, जिससे ठंड और बढ़ेगी. रात के साथ अब दिन के तापमान में भी गिरावट आई है. दिन में भी सर्दी महसूस हो रही है. यूपी के ज्यादातर जिलों में आज शीत दिवस का येलो अलर्ट है. नोएडा, गाजियाबाद, बागपत, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, हापुड़, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, अलगीढ़, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, एटा और फर्रुखाबाद में आज आज घने कोहरे और शीत दिवस रहने की चेतावनी दी गई है. इसके साथ ही कन्नौज, औरैया, कानपुर, रायबरेली अमेठी, प्रतापगढ़, कौशांबी, इलाहाबाद, प्रतापगढ़, अमेठी, रायबरेली, सुल्तानपुर, जौनपुर, वाराणसी, आजमगढ़, मऊ,
गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कांशीरामनगर, महाराजगंज और गोरखपुर में घने कोहरे के साथ शीत दिवस का अलर्ट है. ललितपुर, झांसी, जालौन, हमीरपुर, महोबा, हरदोई, लखनऊ, उन्नाव, बांदा, चित्रकूट, बस्ती अयोध्या में आज बेहद ठंडा दिन रहेगा.

## न्यू ईयर के जश्न में बरकरार रहे रांची की सेफ्टी, आईजी ने खुद शहर का लिया जायजा



रांची झारखंड की राजधानी रांची में नववर्ष के जश्न की तैयारी जोरों पर है। क्लब, रेस्टोरेंट, बार और अन्य स्थानों में लोगों की खासा भीड़ उमड़ेगी। हाल के दिनों में राजधानी रांची में हुएआपराधिक वारदातों को ध्यान में रखते हुए पुलिस सतर्क नजर आ रही है। रांची रेंज के आईजी अखिलेश झा ने खुद सोमवार देर रात शहर का जायजा लिया है और रात्रि गस्ती में तैनात पुलिसकर्मियों को कई दिशा निर्देश भी दिए हैं। ताकि नववर्ष के जश्न के माहौल में कोई खलल ना डाल सके और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर पुलिस की रहे।द. रअसल, राजधानी रांची में पिछले दिनों छेड़खानी की घटनाओं और सोमवार को दिन दहाड़े हुए लूटपाट और गोलीकांड ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिसकी वजह से पुलिस के आला अधिकारियों को सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए गए हैं।ऐसे में रांची रेंज के आईजी अखिलेश झा ने रांची के कई क्षेत्रों का देर रात भ्रमण किया और रात्रि गस्ती में तैनात पु. लिसकर्मियों से पूरे शहर की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को विशेष सतर्कता के साथ तैनात रहने के निर्देश दिए हैं।नए साल के जश्न में असामाजिक तत्वों की ओर से कोई घटना को अंजना ना दिया जाए। इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पिछले दिनों भी जब राजधानी रांची के स्कूली छात्राओं के साथ छेड़खानी की घटना सामने आई थी उस समय भी आईजी अखिलेश झा खुद सड़क पर उतरे थे और उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया था।साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष निर्देश दिए थे, जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी के लिए इनाम की भी घोषणा की गई थी। एक बार फिर 13 लाख रुपये की लूट कांड और गोलीबारी के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रांची पुलिस ने 20 हजार रुपये इनाम की घोषणा की है। ताकि जल्द से जल्द अपराधी
पुलिस के शिकंजे में आ सके। आरोपी की पहचान बताने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## प्रयागराज आएंगे सीएम योगी, दिसंबर में पांचवां . दौरा, महाकुंभ की तैयारियों का लेंगे जायजा



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज फिर प्रयागराज दौरे पर रहेंगे. सीएम योगी का दिसंबर महीने में ये पांचवां प्रयागराज दौरा है. इस दौरान मुख्यमंत्री नैनी में बायो सीएनजी प्लांट का अनावरण करेंगे और महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेंगे. इसके साथ ही ऐरावत घाट, संगम नोज घाट और गंगा सेतु के समानांतर बने स्टील ब्रिज का भी निरीक्षण करेंगे. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को एक बार फिर महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए प्रयागराज आएंगे. सीएम योगी लगभग 4 घंटे प्रयागराज में रहेंगे और इस दौरान वह स्थलीय निरीक्षण के साथ ही आईसीसीसी सभागार में समीक्षा बैठक भी करेंगे. इससे पहले मुख्यमंत्री 7 दिसंबर, 12 दिसंबर, 13 दिसंबर और 23 दिसंबर को भी प्रयागराज का दौरा कर चुके हैं. दिसंबर में सीएम योगी का पांचवां दौरा मंगलवार को सीएम योगी करीब 11.55 पर डीपीएस प्रयागराज है. लिपैड पर पहुंचेंगे और यहां से वो सीधा नैनी बायो सीएनजी प्लांट जाएंगे और इस महत्वाकांक्षी परियोजना का अनावरण करेंगे. यहां से सीएम संगम ऐरावत घाट और संगम नोज घाट का भी निरीक्षण करेंगे. इसके बाद सीएम प्रयागराज मेला प्राधिकरण में बने आईसीसीसी सभागार में 1.20 मिनट से 2.20 बजे तक महाकुंभ के प्रगति कार्यों की समीक्षा करेंगे. यहां से वो विभिन्न मार्गों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए पुलिस लाइन हेलीपैड से वापल लखनऊ के लिए रवाना होंगे. हर दिन 209 टन जैविक खाद बनाएगा प्लांट सीएम योगी आज नैनी में जिस बायो सीएनजी प्लांट का शुभारंभ करेंगे. ये प्लांट प्रतिदिन 21.5 टन गैस के साथ 209 टन जैविक खाद बनाएगा. प्रयागराज शहर में घरों, होटल–रेस्टोरेंट्स और मंदिरों से 200 टन गीला कचरा हर दिन निकलता है. अब इसी कचरे से प्रयागराज नगर निगम 53 लाख रुपए सालाना कमाई करने जा रहा है. यानी जिस सब्जी, फल–फूल या जूठन को कभी यूं ही फेंक दिया करते थे, उसी से रोजाना अब 21500 किलो बायो सीएनजी और 209 टन जैविक खाद बनेगी. इस प्लांट की कुल क्षमता 343 टन प्रति दिन उत्पादन की है. पीपीपी मॉडल से इस बायो सीएनजी प्लांट का संचालन होगा. इसके लिए प्रयागराज नगर निगम ने 12.49 एकड़ जमीन नैनी के जहांगीराबाद में अरैल घाट के पास दी है. प्लांट का संचालन एवर एनवायरो रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड करेगी. प्लांट के माध्यम से जैविक कचरे को ऊर्जा में बदलकर हर साल करीब 56700 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को कम किया जा सकेगा.

## हांड कपां देने वाली ठंड को देखते हुए यूपी बोर्ड के साथ ही सीबीएसई और आईसीएसई के भी 8वीं तक के स्कूलों में अवकाश घोषित कर

उत्तर प्रदेश में हाड़ कंपा देने वाली ठंड शुरू हो गई है। मथुरा में बादल छाए रहने के साथ ही दिनभर लोग बर्फीली हवाओं से कांपते नजर आए। इससे सुबह–शाम के समय सर्दी और बढ़ गई है। सर्दी के प्रकोप को देखते हुए बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित परिषदीय विद्यालय, सीबीएसई, आईसीएसई से संबद्ध आठवीं तक के स्कूल 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक बंद रहेंगे। बीएसए सुनील दत्त ने बताया कि हर रोज बढ़ रही ठंड को देखते हुए शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है।
मथुरा में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार एक जनवरी के बाद कोहरा व सर्दी और बढ़ेगी। वहीं बारिश के बाद कोहरे की आमद हो रही है। हाईवे व ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह व रात को ही कोहरे की हल्की परत दिखाई दे रही है।
शीतलहर से बचाव के लिए लोग ऊनी कपड़ों में लिपटे नजर आए। मौसम विभाग के मुताबिक, बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है।शुक्रवार रात हुई बारिश से बाद सोमवार को न्यूनतम पारा 14 डिग्री से लुढ़ककर 9 पर पहुंच गया है, जबकि अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आने वाले दिनों में घने कोहरे के साथ कड़ाके की सर्दी के आसार जताए जा रहे हैं।
नगर निगम ने 13 रैन बसेरे बनाए शीतलहर के सितम से बचने के लिए नगर निगम ने शहर विभिन्न जगहों पर 13 रैन बसेरों का इंतजाम किया है। इसमें 5 स्थायी और 8 अस्थायी रैन बसेरा बनाए गए हैं। प्रत्येक रैन बसेरे में करीब 15 से 20 लोगों की रुकने की व्यवस्था है। बदलते मौसम में प्रशासन ने लोगों से अपील है कि ठंड में सिकुड़ें नहीं धर्मशाला और रैन बसेरों में ठहरें।













# जमानत के लिए बच्चे को नहीं बना सकते हथियार

## अतुल सुभाष सुसाइड केस में क्या बोले वकील ? 4 जनवरी को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। बेंगलुरु में एआई सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल सुभाष के आत्महत्या मामले में कोर्ट ने आरोपी पत्नी निकिता सिंघानिया और उसके परिवार को जमानत अर्जी दे दी। अब इस मामले पर अतुल सुभाष के वकील आकाश जिंदल ने आरोपी की जमानत याचिका पर सवाल उठाए हैं। आकाश जिंदल ने कहा कि आरोपी पत्नी को अदालत में जमानत पाने के लिए बच्चे को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।अतुल ने अपनी पत्नी पर आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी ने तलाक के समझौते के लिए तीन करोड़ रुपये मांगे थे। अतुल सुभाष की आरोपी पत्नी की जमानत मामले पर बेंगलुरु कोर्ट में 4 जनवरी को सुनवाई होनी है। आरोपी निकिता सिंघानिया की ओर से जमानत याचिका सोमवार को दर्ज की गई और उसके और अन्य



आरोपियों के वकील ने तर्क दिया कि मामले में आरोपी व्यक्तियों को जमानत कैसे और क्यों नहीं दी जानी चाहिए।



बच्चे की कस्टडी के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुचे अतुल के पिता अतुल की मां और पिता ने अपने चार साल के पोते की

कस्टडी के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। निकिता अपने परिवार के साथ अभी भी जेल में है। पुलिस इनके बच्चे की तलाश कर रही है दूसरी तरफ अतुल सुभाष परिवार के वकील ने कहा, श्इस मामले में आपराधिक प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है और वह(निकीता) बच्चे का फायदा नहीं उठा सकती है और हमने बच्चे की पूरी कस्टडी की मांग की है। वकील ने आगे कहा, हमारा रुख यह था कि जो अपराध उन्होंने किया है वह बहुत जघन्य है, इसके अलावा हमने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक याचिका दायर की है जहां अदालत ने बच्चे के ठिकाने का पता लगाने के लिए तीन राज्यों यूपी, कर्नाटक और हरियाणा को निर्देश दिए हैं। एक बार जब बच्चा मिल जाएगा, तो बच्चे की हिरासत पर विचार करने के लिए निर्देश पारित किए जाएंगे।

## साल 2025 के पहले ही दिन दुनिया में इतनी बढ़ जाएगी आबादी

साल 2025 का आगाज होने वाला है. कुछ वक्त में साल 2024 इतिहास में दर्ज हो जाएगा. इस बीच एक रिपोर्ट सामने आई है जिसमें बताया गया है कि नए साल पर दुनिया की आबादी कितनी होगी. दरअसल इस साल पूरी दुनिया में 7.1 करोड़ लोगों की आबादी बढ़ी तो वहीं नए साल के आंकड़े चौंकाने वाले हैं.साल 2025 में अमेरिकी जनगणना ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक प्रति सेकंड 4.2 जन्म और 2.0 मौत होने का अनुमान है. रिपोर्ट के मुताबिक पहले दिन दुनिया की जनसंख्या करीब 8.09 अरब हो जाएगी.पिछले सालों से तुलना अमेरिकी जनगणना ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2024 में 2023 के मुकाबले कम आबादी बढ़ी है. साल 2023 में दुनिया की आबादी में 7.5 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई थी.वहीं अमेरिका की बात करें तो रिपोर्ट में बताया गया है कि इस साल 26 लाख आबादी की वृद्धि हुई है. जनवरी 2025 के दौरान अमेरिका में हर नौ सेकेंड में एक का जन्म और हर 9.4 सेकेंड में एक की मौत संभावित है. वहीं, अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों के चलते अमेरिका में हर 23.2 सेकेंड में एक व्यक्ति बढ़ जाएगा. अगर जन्म, मृत्यु और प्रवासी की संख्या को मिलाया जाए, तो अमेरिका की आबादी में हर 21.2 सेकेंड में एक व्यक्ति जुड़ जाएगा.भारत की क्या होगी स्थिति बता दें कि इस वक्त चीन को पीछे छोड़ भारत आबादी के मामले में नंबर एक पर आ गया है. इसके पीछे विशेषज्ञ जो कारण बताते हैं वो उच्च जन्म दर का होना है.साल 2025 में भारत की जनसंख्या वृद्धि दर 0.9ः रहेगी. 2025 में भारत की जनसंख्या 146 करोड़ होने की संभावना है.संयुक्त राष्ट्र सा. `शल-इकोनॉमिक एजेंसी न्छक्म्। ने अप्रैल 2023 में भारत की आबादी चीन के बराबर 142 करोड़ होने या इससे ज्यादा होने का अनुमान जताया था.भारत में 2035 तक उत्पादकता में इजाफा होगा. इसका कारण है कि गैरकामकाजी आबादी (15 साल से कम और 64 से अधिक) की कामकाजी आबादी (15 से 64 साल) पर निर्भरता अगले 11 साल तक लगातार घटने के आसार हैं.

## न्यू ईयर सेलिब्रेशन के इनविटेशन में पुणे के पबने भेजा कंडोम और ORS, मचा बवालपुलिस तक पहुंचा मामला

महाराष्ट्र के पुणे के एक पब में नए साल के ठीक पहले की शाम यानी 31 दिसंबर पर आयोजित होने वाली पार्टी के निमंत्रण को लेकर बवाल खड़ा हो गया है. पब ने निमंत्रण के साथ कथित तौर पर कंडोम और ओआरएस घोल के पैकेट भेजे हैं. पुणे के मुंडवा इलाके के पब हाई स्पिरिट ने नए साल की पार्टी में आमंत्रित लोगों को ये दो चीज दिए हैं.इसको लेकर यूथ कांग्रेस की शिकायत है कि पुणे की संस्कृति खराब करने की कोशिश की गई. अब पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और इस पार्टी में आने वाले लोगों के बयान भी दर्ज किए हैं.पुलिस क्या बोली?पुलिस ने इस पब मैनेजर से जानकारी ली है लेकिन उन्होंने दावा किया है कि कंडोम बांटना कोई अपराध नहीं है. पुणे के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें महाराष्ट्र युवा कांग्रेस के पदाधिकारी से शिकायती पत्र मिला है. शिकायत मिलने के बाद स्थानीय पुलिस स्टेशन ने कार्यक्रम के आयोजकों को नोटिस जारी किया. उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया.पुलिस अधिकारी ने कहा, आयोजकों ने हमारे साथ वह विज्ञापन साझा किया. जिसमें उन्होंने नए साल पर सुरक्षित ढंग से जश्न मनाने की बात कही. मामले में आगे की जांच जारी है. अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है.यूथ कांग्रेस ने क्या कहा?महाराष्ट्र प्रदेश युवा कांग्रेस ने पुणे पुलिस कमिश्नर को दी शिकायत में कहा,



ष्हाई स्पिरिट कैफे, मुंडवा, पुणे, एक रेस्तरां-सह-पब, ने नए साल की पूर्व संध्या पर अपने नियमित ग्राहकों को निमंत्रण भेजते हुए कंडोम पैकेट के साथ इलेक्ट्रा ओआरएस वितरित किया है. यह अकादमिक और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ असंगत है.श्पत्र में यह भी कहा गया है, ऐसी आशंका है कि इस तरह की हरकतों से युवाओं में गलत संदेश जाएगा, जिससे समाज में गलतफहमियां और गलत आदतें पैदा होंगी.

## सर्व समाज की सेवा करना हमारा मूल मकसद राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान।

संवावदाता डॉ आसिफ सिद्दीकी

अमरोहा। आज दिनांक 31.12.2024 दिन मंगलवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के द्वारा आंखों की जांच का कैंप के बी एन चौरिटेबल हॉस्पिटल निकट रौनक वाटिका अमरोहा में लगाया गया राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन का उद्देश्य है सर्व समाज में प्रत्येक मानव के अधिकार का सम्मान करना वह उनको उनके अधिकार दिलाना राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के माध्यम से सब समाज की निशुल्क सेवा की जा रही है चाहे वह लिहाफ वितरण हो चाहे कंबल वितरण हो चाहे आंखों की जांच का कैंप आंखों का ऑपरेशन ओरेकल हॉस्पिटल मुरादाबाद में निशुल्क कराया जा रहा है आंखों की जांच डॉक्टर तौफीक हसन म्ड० के द्वारा की जा रही है जिसमें उप. स्थित डॉक्टर तौफीक हसन डॉक्टर आरिफ हसन डॉक्टर सोहेल ,डॉक्टर नयनतारा हॉस्पिटल का स्टाफ के



साथ-साथ आंखों की जांच करने आए सर्व समाज के लोग आंखो की जांच के बाद अस्पताल से ही आंखों का ऑपरेशन करने के लिए मुरादाबाद ले जाया जाएगा ऑपरेशन के बाद अस्पताल के बी एन हॉस्पिटल पर ही छोड़ा जाएगा सभी को आंखों के प्रति जागरूक किया आंखों का ध्यान रखने के लिए टिप्स दिए।

## ग्राम पहाड़पुर बक्काल अ निवासी ने लगाया लेखपाल . शंकर सैनी पर पैमाइश न करने का आरोप।

**संवावदाता डॉ आसिफ सिद्दीकी अमरोहा** सैद नगली क्षेत्र के गांव निवासी बलवन्त पुत्र स्व० बीरबल निवासी ग्राम पहाड़पुर बक्काल तहसील हसनपुर का रहने वाला है। प्रार्थी का खेत गाटा सं० 892 रकबा 0.1000 है० है जिस पर बलवन्त का नाम अंकित है उक्त खेत पर क्षेत्रीय लेखपाल शंकर सैनी ने पैमाईश करने के लिये बलवन्त से 6,000ध-रू० भी ले लिए जिसकी पैमाईश अभी तक नहीं की तथा क्षेत्रीय लेखपाल शंकर सैनी ने बलवन्त के उक्त खेत को गलत तरीके से कमल पुत्र सरदार व निर्मल पुत्र डाल. चन्द, पीतम पुत्र हेतराम निवासीगण ग्राम पहाड़पुर बक्काल को नाप कर दे दी। वह जबरन कब्जा करा रहे हैं, जबकि लेखपाल को बलवन्त की भूमि नाप कर किसी अन्य को देने तथा कब्जा कराने का अधिकार नहीं है। उपरोक्त लोग बलवन्त की उक्त खेत पर जबरदस्ती चिनाई कर रहे हैं।बलवन्त का कहना है कि किसी अन्य लेखपाल द्वारा पैमा. ईश कराई जाए तथा उक्त लेखपाल शंकर सैनी पर कार्यवाई करने की मांग की।



## अमरोहा पुलिस का जनता को तोहफा 1 साल में गुम हुए161 मोबाइलो को वापस लोटाए

**संवावदाता डॉ आसिफ सिद्दीकी** अमरोहा पुलिस ने नए साल से पहले 161 मोबाइल फोन स्वामियों के चेहरे पर खुशी लौटाई है। दरअसल पिछले 1 साल में गुम हुए 161 मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद किया। साथ ही सोमवार को एसपी ने पुलिस लाइन में सभी मोबाइल स्वामियों को बुलाया और एक एक कर गुम हुए सभी मोबाइलों को उन्हें सौंपा। जहां खोए हुए मोबाइलों को पाकर मोबाइल स्वामी खुश नजर आए। उधर एसपी द्वारा नए साल से पहले किए गए इस कार्य की हर ओर सराहना हो रही है।सोमवार को अमरोहा पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह द्वारा पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जहां एसपी ने बताया कि जनपद की सर्विसलांस और एसओजी की संयुक्त टीम ने पिछले एक वर्ष में गुम हुए 161 मोबाइल फोनो को बरामद किया गया है। जिन्हें आज मोबाइल स्वामियों को सौंपा गया है।नए साल से पहले यह लोगों के चेहरे पर खुशी लाने की एक कोशिश थी। इसी कड़ी में आज 161 गुम हुए मोबाइल फोन को उनके स्वामियों को सौंपा गया है। सभी मोबाइल फोन की कीमत लगभग 35 लाख रुपए है। इसके साथ ही बताया कि मोबाइल फोनो को बरामद करने वाली टीम को भी 25 हजार रुपए का नकद इनाम दिया गया है।



## दिल्ली यूनिवर्सिटी में आलोक कटारिया बने डूसू EC

**संवावदाता डॉ आसिफ सिद्दीकी** दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रसंघ में एग्जीक्यूटिव काउन्सलर का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें अमरोहा के सैदनगली के गाँव सब्दलपुर शर्की के निवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया के पुत्र और शहीद भगत सिंह कॉलेज के केंद्रीय पार्षद आलोक कटारिया ने जीत दर्ज की है।इससे 1 महीने पहले ही आलोक ने दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में कॉलेज के केंद्रीय पार्षद का चुनाव जीता था और अब उन्होंने पूरी यूनिवर्सिटी का चुनाव जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दिल्ली यूनिवर्सिटी में एग्जीक्यूटिव काउन्सलर के चुनाव में डीयू के सभी कॉलेजों के छात्रसंघ केंद्रीय पार्षद और अध्यक्ष वोट डालते है।दिल्ली यूनिवर्सिटी में ईसी एक महत्वपूर्ण पद है आलोक कटारिया लगातार दिल्ली यूनिवर्सिटी में छात्रों के लिए संघर्ष करते है और अपने. पिताजी से उनको प्रेरणा मिलती है,आलोक की जीत पर कांग्रेस की



छात्रसंघ इकाई एनएसयूआई में भी खुशी की लहर है और उन्होंने अपने ऑफिसियल पेज पर पोस्ट कर आलोक को जीत की बधाई दी है,उनकी जीत पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है और उनके समर्थकों ने उनकी जीत के बाद फुल माला पहनाकर और ढोल बजाकर खुशी का इजहार किया है,आलोक अमरोहा जनपद से एकमात्र है जिन्होंने देश की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी में पहले कॉलेज स्तरीय और अब यूनिवर्सिटी स्तरीय चुनाव जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है !

## हसनपुर में राशन डीलरों को सख्त चेता. वनी कम राशन देने पर होगी कार्रवाई

**संवावदाता डॉ आसिफ सिद्दीकी अमरोहा**

हसनपुर विकासखंड के ब्लॉक परिसर में सोमवार को उप जिलाधिकारी (एसडीएम) सुनीता सिंह की अध्यक्षता मे राशन डीलरों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एसडीएम ने राशन डीलरों को स्पष्ट



रूप से चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उपभोक्ताओं को कम राशन दिया तो उन राशन डीलरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक में एसडीएम ने राशन वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता को 5 किलो राशन दिया जाए।उन्होंने राशन डीलरों से यह भी कहा कि वे नियमित टीकाकरण अभियान में सहयोग करें। खासकर 5 साल तक के बच्चों के टीकाकरण में, यदि कोई परिवार में टीकाकरण में अड़ंगा डालता है, तो उन्हें समझा कर प्रक्रिया पूरी कराए। इसके साथ ही एसडीएम ने फार्मर रजिस्ट्री और ई.केवाईसी प्रक्रिया को एक सप्ताह में पूरी करने की अपील की।बैठक में पूर्ति निरीक्षिक गंगेश्वरी वेद प्रकाश अग्रवाल, हसनपुर के पूर्ति निरीक्षिक मोहित चौधरी, यूनिसेफ की बीएमसी प्रियंका, डॉ ध्रुवेंद, डॉ मनेंद्र और कई राशन डीलर मौजूद रहे।

# अलीगढ़ शहर में मंगलवार को धूमधाम से 2025 का स्वागत किया जाएगा

## शाम 7 बजे से ही शहर के होटलों और रेस्त्रां में कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे

अलीगढ़ शहर में मंगलवार को धूमधाम से 2025 का स्वागत किया जाएगा। शाम 7 बजे से ही शहर के होटलों और रेस्त्रां में कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे और रात 12 बजे तक धमाल जारी रहेगा। इसके बाद नए साल का केक काटा जाएगा। केट काटने के साथ ही नए साल का जश्न पूरा हो जाएगा।प्रशासन की ओर से सभी होटलों को सिर्फ रात 12 बजे तक ही जश्न मनाने की अनुमति दी गई है। 2025 की शुरूआत होते ही कार्यक्रमों का समापन कर दिया जाएगा और डिनर के बाद सभी अपने–अपने घरों की ओर रवाना हो जाएंगे।सिटी सेंटर मॉल में जमकर होगा धमाल सेंटर प्वाइंट स्थित सिटी सेंटर मॉल में लॉक्स एंड हार्डवेयर एसोसिएशन का न्यू ईयर



सेलिब्रेशन होगा। इसमें शहर के विभिन्न लोग अपने परिवार के साथ शामिल होंगे और रात 12 बजे तक धमाल जारी रहेगा।आभा में जुटेंगे अग्रवाल समाज के लोग अग्रवाल परिषद का न्यू ईयर सेलि. ब्रेशन का कार्यक्रम शाम 7 बजे से शुरू हो जाएगा और रात 12 बजे तक जारी रहेगा। रामघाट रोड स्थित आभा होटल में कार्यक्रम होगा, जिसमें अग्रवाल परिषद से जुड़े समाज के विभिन्न लोग शामिल होंगे।यहां भी होंगे नए साल के कार्यक्रमशहर के एक मात्र मल्टीप्लेक्स मॉल जीबीएम, मैरिस रोड स्थित लेमन ट्री होटल, पॉल्म ट्री होटल, मेलरोज इन, मिल्क बार समेत शहर के विभिन्न होटल, मॉल्स और रेस्त्रां में नए साल का जश्न मनाया जाएगा। इस दौरान प्राइवेट पार्टियां भी होंगे और पास धारक या आमंत्रित लोग ही इसमें शामिल हो सकेंगे।अलीगढ़ शहर में मंगलवार को धूमधाम से 2025 का स्वागत किया जाएगा। शाम 7 बजे से ही शहर के होटलों और रेस्त्रां में कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे और रात 12 बजे तक धमाल जारी रहेगा। इसके बाद नए साल का केक काटा जाएगा। केट काटने के साथ ही नए साल का जश्न पूरा हो जाएगा।

## 1 जनवरी से नियमित नंबरों से संचालित होंगी ईएमयू ट्रेनें

नई साल 2025 यानी 1 जनवरी से ईएमयू ट्रेन अब अपने नियमित नंबर से चलेंगी। रेलवे बोर्ड ने यह निर्णय लिया है।रेलवे बोर्ड ने नए साल में जीरो नंबर से संचालित हो रही ईएमयू और पैसेंजरों ट्रेनों को अब एक जनवरी 2025 से नियमित नंबर से संचालित करने का निर्णय लिया गया है।उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि अलीगढ़ से संचालित होने वाली गाड़ी संख्या 04929 अलीगढ़ दिल्ली ईएमयू अब 64101 नंबर से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04930 दिल्ली–अलीगढ़ ईएमयू अब 64102, गाड़ी संख्या 04931 अलीगढ़–दिल्ली ईएमयू अब 64103 नंबर से चलेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 04415 अलीगढ़–नई दिल्ली ईएमयू अब 64105, गाड़ी संख्या 04908 नई दिल्ली–अलीगढ़ ईएमयू अब 64110 से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04414 नई दिल्ली– अलीगढ़ ईएमयू अब 64114, गाड़ी संख्या 04287 अलीगढ़–दिल्ली मेमू अब 64151 नंबर से संचालित होंगी।गाड़ी संख्या 04288 दिल्ली–अलीगढ़ मेमू प्रतिदिन अब 64152, गाड़ी संख्या 04290 अलीगढ़–टूंडला मेमू प्रतिदिन अब 64154, गाड़ी संख्या 04289 टूंडला–अलीगढ़ मेमू प्रतिदिन अब 64165 नंबर से चलेगी। गाड़ी संख्या 04414 नई दिल्ली–अलीगढ़ ईएमयू अब 64114, गाड़ी संख्या 04287 अलीगढ़–दिल्ली मेमू अब 64151, गाड़ी संख्या 04288 दिल्ली–अलीगढ़ मेमू अब 64152 नंबर से चलेगी।गाड़ी संख्या 04290 अलीगढ़–टूंडला मेमू अब 64154, गाड़ी संख्या 04289 टूंडला–अलीगढ़ मेमू अब 64165 नंबर से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 04378 बरेली–अलीगढ़ पैसेंजर अब 54354 से, गाड़ी संख्या 04393 अलीगढ़–गजरौला पैसेंजर अब 54391 से, गाड़ी संख्या 04394 गजरौला–अलीगढ़ पैसेंजर अब 54392 नंबर से चलेगी।

## एडीएम सिटी ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की

अलीगढ़ 31 दिसम्बर 2024 (सू0वि0)रू अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। एडीएम ने विगत दिनों खेरेश्वर चौराहे पर घटित दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए नेशनल हाईवे की अधिकारियों को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के उपरांत 12 घंटे तक सड़क पर चहुंओर बेतरतीब ढंग से मलवा बिखरा रहा। नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा मलवा हटाने को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने आरटीओ को नेशनल हाईवे अथॉरिटी से इस संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क पर 12 घंटे तक फैला मलवा किसी अन्य दुर्घटना को आमंत्रित करता रहा, परंतु एनएचएआई द्वारा कोई सुध नहीं ली गई।इसी प्रकार से विभिन्न चौराहों पर यातायात के सुव्यवस्थित संचालन के लिए यातायात निरीक्षकों की ड्यूटी समय को लेकर एडीएम ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एसपी एवं सीओ यातायात विभिन्न चौराहों पर निरीक्षण कर डीएम को रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि क्या निर्धारित समय में पुलिस कर्मियों द्वारा ड्यूटी को अंजाम दिया जा रहा है। नो एंट्री के दौरान भारी वाहनों के महानगर में प्रवेश करने के संबंध में भी एडीएम ने यातायात विभाग के प्रति कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि महानगर में नो एंट्री अवधि में भारी वाहनों को प्रवेश न सारसौल चौराहे पर रोडवेज बसों के बेतरतीब ढंग से सड़क पर खड़े होने के संबंध में परिवहन निगम को निर्देशित किया गया कि वह सु. निश्चित कराएं कि बसें बस अड्डे के बाहर न खड़ी होने पाएं। एनएचएआई को निर्देशित किया गया कि नेशनल हाइवे पर अवैध कट को एसडीएम से समन्वय कर तत्काल बंद कराएं। उन्होंने पश्चिमी बाईपास एवं खेरेश्वर के मध्य बनाए जा रहे अवैध एप्रोच मार्ग को तत्काल बन्द कराए जाने के भी निर्देश एनएचएआई को दिए। आईआरडीए एप्लीकेशन पर सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में आख्याएं अपलोड न करने पर थानाध्यक्ष क्वार्सी, गॉधी पार्क एवं अक. राबाद के विरूद्ध एसएसपी को पत्र लिखे जाने के निर्देश दिए गए।
बैठक में बताया गया कि 720 प्रविष्टियों के सापेक्ष अभी तक 300 प्रविष्टियां अपलोड होना शेष है, जिनमें से सर्वाधिक उपरोक्त तीन थानाध्यक्षों द्वारा अपलोड कराई जानी है। बौनेर तिराहे पर स्थित रोड पर पुनरू हुए अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश दिए एडीएम ने कहा कि वर्तमान में शीतलहर के साथ ही घना कोहरा आरंभ हो चुका है। उन्होंने मण्डी, गन्ना, यातायात विभाग एवं परिवहन निगम को निर्देशित किया कि सभी प्रकार के वाहनों विशेषकर ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर अभियान चलाकर रिफ्लेक्टिव टेप चस्पा कराएं। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने जल शक्ति मंत्रालय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के समक्ष जिले के नवाचार का दिया प्रस्तुतिकरण



अलीगढ़ जिलाधिकारी विशाख जी0 द्वारा सोमवार को जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संयुक्त सचिव के समक्ष स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ठोस व अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में जिले में किए गए नवाचार की प्रगति पर प्रस्तुतिकरण किया गया।आपको बता दें कि विभिन्न प्रदेशों के जिलाधिकारियों से जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने एसबीएम ग्रामीण के द्वितीय चरण के तहत की जा रही नवाचार गतिविधियों की जानकारी चाही गई थी। जिलाधिकारी विशाख जी0 के विशेष प्रयास से प्रदेश भर से मात्र अलीगढ़ का चयन किया गया। सोमवार को जिलाधिकारी विशाख जी0 ने श्जिलाधिकारी के साथ संवादश्श कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के संयुक्त सचिव से संवाद करते हुए नवाचार के संबंध में प्रस्तुतिकरण दिया।
जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में 852 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 435 ग्राम पंचायतों में डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 29 ग्राम पंचायतों, द्वितीय चरण में 52 ग्राम पंचायतों, तृतीय चरण में 161 ग्राम पंचायतों एवं चतुर्थ चरण में 193 ग्राम पंचायतों में डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य आरंभ करते हुए वर्तमान में 435 ग्राम पंचायतों में ई–रिक्शा के माध्यम से घर–घर से कूड़ा संग्रहण का कार्य कराया जा रहा है।जिलाधिकारी विशाख जी0 ने बताया कि आरंभ में माह मार्च 2024 में 81 ग्राम पंचायतों से 20804 घरों से कूड़ा एकत्रीकरण कार्य कराते हुए 7.30 लाख रूपये कूड़ा संग्रहण स्वच्छता शुल्क प्राप्त किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में 435 ग्राम पंचायतों में ई–रिक्शा के माध्यम से 62135 घरों को आच्छादित करते हुए 43.51 लाख रूपये स्वच्छता शुल्क प्राप्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता शुल्क से अन्त्योदय कार्डधारक एवं गरीबों को मुक्त रखा गया है जबकि सक्षम परिवारों से 01 रूपया प्रतिदिन और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों–बैंक, पेट्रोल पंप, लिकर शॉप, होटल–ढ़ावा एवं अन्य बड़ी इकाईयों से उनकी से क्षमता अनुरूप स्वच्छता शुल्क लिया जा रहा है, इससे ग्रामों में भी दृश्यमान स्वच्छता स्थापित हो रही है। डीएम ने बताया कि यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग से 366 प्रतिभागियों का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, ग्राम प्रधानों, सचिवों, पंचायत सहायकों और स्वच्छता कार्यकर्ताओं को एसओपी और ट्रिगरिंग टूल्स पर दो दिवसीय प्रशिक्षण भी दिया गया। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर ग्राम प्रधानों का नेतृत्व प्राप्त करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर स्लोगन की वॉल पेंटिंग कराई गई। घर–घर कूड़ा संग्रहण में प्रयुक्त वाहनों का रूट चार्ट एवं रोस्टर निर्धारित करते हुए विभागीय सफाईकर्मियों के साथ अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती कूड़ा संग्रहण वाहनों में जीपीएस ट्रैकर और स्वच्छता शुल्क जमा करने के लिए क्यू0आर0 कोड और ऑफलाइन सुविधा भी प्रदान की गई।
उन्होंने बताया कि डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण से प्राप्त हो रहे स्वच्छता शुल्क से ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर बन रही हैं। 435 ग्राम पंचायतों में 184 अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की तैनाती भी की गई। 28182 मानव दिवस का सृजन किया गया है। अपशिष्ट संग्रहण वाहन, फॉगिंग मशीन, आरआरसी, स्वच्छता कार्यकर्ता किट व उपकरण की खरीद के साथ ही आरआरसी का नवीनीकरण और अपशिष्ट वाहन ई–रिक्शा का रखरखाव भी किया जा रहा है।श्जिलाधिकारी के साथ संवादश्श कार्यक्रम के अंत में सचिव जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने अलीगढ़ जिले के प्रस्तुतिकरण की सराहना की।

## सर्व कल्याण हेतु रुद्राभिषेक और नौ गृह यज्ञ 01 जनवरी को

अलीगढ़। शिव भक्तों की प्रमुख संस्था शिव भक्त सेवा समिति द्वारा एक जनवरी बुधवार को देवाधिदेव महादेव का चौदहवां रुद्राभिषेक और नौ गृह यज्ञ सिद्धपीठ श्री खेरेश्वर धाम में आयोजित किया जाएगा।धीरज पैलेस स्थित सिटी क्लब में आयोजित समिति की बैठक में संस्थापक मनीष अग्रवाल वूल और पंकज धीरज ने बताया कि सनातन धर्म के अनुसार नव वर्ष का आरंभ नए विक्रम संवत से होता है, लेकिन कैलेंडर वर्ष के प्रथम दिन से ही सर्व कल्याण के लिए हम लोगों से 14 वर्ष पूर्व ये अनुष्ठान प्रारंभ किया। ताकि भगवान शिव के आशीर्वाद के साथ नव गृहों का प्रताप भी सभी को मिले।इस अनुष्ठान को महामंडलेश्वर पूर्णानंद पुरी जी महाराज सम्पन्न कराएंगे।शिव भक्त कमल अग्रवाल ने बताया कि भक्तों की सुविधा के लिए सभी व्यवस्था पूर्ण कर ली गई हैं।बैठक में बताया गया कि बुधवार एक जनवरी को प्रातः 10 बजे रुद्राभिषेक अपराह्न 12 बजे नौ कुंडी यज्ञ और झांकियों सहित भजन कार्यक्रम के साथ परसादी का आयोजन होगा।बैठक में विनोद आशा इंडिया, बंटी चौधरी,विनीत गर्ग,मुरली अग्रवाल,सुमित वार्ष्णेय,आशीष,अजय,पीयूष,संजीव आदि सहित समिति के अन्य सेवक उपस्थित रहे।

## बाइक सवार में ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, युवक की मौत, शव रख परिजनों ने लगाया जाम

कस्बा जट्टारी के अलीगढ़–पलवल मार्ग पर प्रातः करीब साढ़े नौ बजे श्री खाटू श्याम मंदिर के निकट बाइक सवार में ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई है।प्राप्त जानकारी



के अनुसार टप्पल के ग्राम खण्डेहा निवासी 19 वर्षीय प्रमोद पुत्र सतवीर बाइक से जट्टारी में सब्जी लेने के लिए आया था। वह बाइक पर वापस गांव जा रहा था। खाटू श्याम मंदिर के निकट एक ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार प्रमोद की मौत हो गई। घटना की सूचना पर कस्बा पुलिस और परिजन पहुंचे।











# रिटायर्ड खंड विकास अधिकारी हुए ठगी का शिकार

## 20 लाख 45 हजार रूपये में किसी और का प्लॉट दिखाकर फर्जी बैनामा करवाया

एटा जिले के राम दरबार मंदिर के पास रहने वाले रिटायर्ड खंड विकास अधिकारी रघुवीर सिंह ठगी का शिकार हो गए। आरोप है कि कुछ लोगों ने 20 लाख 45 हजार रुपये में किसी और के प्लॉट और दस्तावेज दिखाकर उनसे फर्जी बैनामा करवा लिया। जब रघुवीर सिंह ने प्लॉट पर कब्जा लेने की कोशिश की, तो असली मालिक सामने आए और झगड़ा करने लगे। तभी उन्हें समझ में आया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। पैसे वापस मांगने पर आरोपी गाली–गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। परेशान होकर रघुवीर सिंह ने अपनी पत्नी सरोज देवी के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित को न्याय का भरोसा दिलाया सरोज देवी ने बताया कि उनके पति के परिचित दुर्गेश, जो बरेली में प्रॉपर्टी डीलर हैं, उन्होंने कासगंज रोड पर दो



प्लॉट दिखाए। दुर्गेश ने हरिवंश नाम के व्यक्ति से मिलवाया। जिसने खुद को इन प्लॉटों का मालिक बताया और दस्तावेज भी दिखाए। लोकेशन पसंद आने पर 20 लाख 45 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। गवाहों के सामने पैसे दिए गए। बाद में फर्जी तरीके से बैनामा करवा लिया गया।जब रघवीर सिंह ने प्लॉट पर काम शरू करने की कोशिशजब रघुवीर सिंह ने प्लॉट पर काम शुरू करने की कोशिश की, तो असली मालिक वहां आ गए और विवाद खड़ा हो गया। जब पैसे वापस मांगे गए, तो आरोपी आर्थिक

तंगी का बहाना करने लगे और फिर गाली–गलौज और धमकी देने लगे। एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच के आदेश दिए हैं। पीड़ित को न्याय का भरोसा दिलाया है।

## 2025 में जिले को एटा–आगरा .नेशनल हाइवे की उम्मीद

आगामी वर्ष 2025 में एटा–टूंडला मार्ग नेशनल हाइवे बनाए जाने की उम्मीद है। मुख्य मार्ग को नेशनल हाइवे घोषित करने के साथ फोरलेन बनाए जाने का प्रस्ताव स्वयं मुख्यमंत्री ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री को सौंपा है। इसके बाद एनएचएआई ने पीडब्ल्यूडी से मार्ग का डेटा ले लिया है। केंद्रीय राज्य मंत्रीः आगरा सांसद प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल एवं एटा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, मारहरा विधायक वीरेंद्र लोधी, जलेसर विधायक संजीव दिवाकर सहित अन्य कई जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से



मुलाकात कर कासगंज के नदरई से एटा–कासगंज मार्ग सहित एटा–टूंडला मार्ग को पूरा एक नेशनल हाइवे बनाए जाने के संबंध में प्रस्ताव दिया है। मुख्यमंत्री के इस प्रस्ताव के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने लोक निर्माण विभाग एटा से एटा–टूंडला मार्ग का पूरा डेटा ले लिया है। इसके चलते एटा के लोगों को पूरी उम्मीद बनी हुई है कि आगामी वर्ष 2025 में एटा–टूंडला मार्ग को स्टेट हाइवे से नेशनल हाइवे बना दिया जाएगा। इस मार्ग के नेशनल हाइवे बनने के बाद मार्ग को फोरलेन किया जाएगा।

## आज से स्कूलों के शीतकालीन अवकाश शुरू

कासगंज। कड़कड़ाती ठंड के बीच बच्चों के लिए खुशखबरी है। उनको अब 15 दिन तक स्कूल नहीं जाना पड़ेगा। बेसिक शिक्षा परिषद से जुड़े स्कूलों में शासन ने ग्रीष्मावकाश में कटौती करके शीत अवकाश लागू किए हैं। यह अवकाश मंगलवार से शुरू होकर 14 जनवरी तक रहेंगे।शासन ने शिक्षा में टाइम एंड मोशन व्यवस्था लागू की है। इस व्यवस्था के तहत जहां स्कूलों में पढ़ाई के घंटे, स्कूल खुलने का समय निर्धारित किया है। वहीं, स्कूलों के अवकाशों को निर्धारित किया है। पहले जहां स्कूलों का ग्रीष्मावकाश 20 मई से 30 जून तक रहता था। वह अब घटाकर 15 जून तक कर दिया गया है। ग्रीष्मावकाश में घटाई गई इन छुट्टियों के बदले में शीतकालीन अवकाश लागू किए गए हैं।31 दिसंबर से 14 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश की व्यवस्था शैक्षिक कैलेंडर में की गई है। अब इसी व्यवस्था से बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत आने वाले सभी परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त स्कूलों का संचालन किया जाएगा। शीत कालीन अवकाशों की व्यवस्था लागू हो जाने से छोटे बच्चों को अब ठंड में ठिठुरते हुए स्कूल नहीं जाना पड़ेगा।

## जनपदीय पुलिस महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत

संबाददाता– अमित कुमार कासगंज – पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपदीय पुलिस महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत है । इस अभियान के पांचवें चरण में, महिला बीट अधिकारियों द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में चौपालों का आयोजन कर जागरुक किया जा रहा है,



जहां महिलाओं और बालिकाओं को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है मिशन शक्ति अभियान, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करना है। यह अभियान कई चरणों में चलाया गया है और इसमें विभिन्न विभागों, संस्थानों, और समुदायों की भागीदारी है । महिला हेल्पलाइन (181), यूपी–112 और पिंक बूथ के माध्यम से सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाया गया है । महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चौपालों, रैलियों और कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। सरकारी योजनाओं, जैसे महिला उद्यमिता प्रोत्साहन योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।कार्यक्रम और कार्यशालाएंरू स्कूलों और कॉलेजों में महिलाओं की सुरक्षा और लैंगिक समानता पर विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।अभियान के प्रभाव–महिलाओं की सुरक्षा संबंधी घटनाओं में कमी आई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं में आत्मनिर्भरता और जागरूकता बढ़ी है। समाज में महिलाओं के प्रति संवे. दनशीलता को बढ़ावा मिला है ।

## नोवा दूध फैक्ट्री का केमिकल युक्त पानी खेतों में छोड़ा कासगंज में 30 बीघा फसलें हुई खराब, किसानों ने डीएम से मुआवजे की मांग की

कासगंज। जनपद के नगला भूड़ क्षेत्र में नोवा दूध फैक्ट्री से केमिकल युक्त पानी नाले में ओवर फ्लो होने के कारण किसानों की गेहूं और सरसों की फसलें बर्बाद हो गईं। सोमवार को केमिकल युक्त पानी की अधिक मात्रा नाले में छोड़े जाने से तीन किसानों की लगभग 30 बीघा फसल खराब हो गई। पीड़ित किसानों ने नोवा दूध फैक्ट्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जिलाधिकारी कासगंज से शिकायत की है।नगला भूड़ के किसान इन दिनों नोवा दूध फैक्ट्री से परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि फैक्ट्री से रात के समय केमिकल युक्त पानी नाले में अधिक मात्रा में छोड़ा जाता है, जिससे नाला ओवर फ्लो हो जाता है और केमिकल युक्त पानी खेतों में घुस जाता है। इससे किसानों की फसलें खराब हो जाती हैं।सोमवार को भी नोवा दूध फैक्ट्री से छोड़ा गया केमिकल युक्त पानी नाले में ओवर फ्लो हो गया, जिससे नगला भूड़ के तीन किसानों की फसलों में पानी भर गया। किसान मुकेश की 12 बीघा, जय प्रकाश की 10 बीघा और नेत्रपाल की 8 बीघा गेहूं और सरसों की फसल में पानी भर गया। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ।किसानों ने डीएम से मुआवजे की मांग की किसानों ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया है कि शिकायत के बावजूद नोवा दूध फैक्ट्री के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अब पीड़ित किसान शासन और प्रशासन से अपनी खराब हुई फसलों का मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी कासगंज से की है और फैक्ट्री के खिलाफ कार्रवाई की अपील की है।



## रेलवे लाइन की मरम्मत के चलते ट्रैन के समय में हुआ बदलाव,




उत्तर प्रदेश के कासगंज बरेली रेल मार्ग पर इंजीनियरों द्वारा रेलवे लाइन की मशीनों द्वारा मरम्मत का कार्य किया जा रहा है इस कार्य के चलते रेलवे नेकासगंज काशीपुर जाने वाली ट्रेन के समय में बदलाव कर दिया गया है अभी ट्रेन कासगंज जंक्शन से दोपहर 3:20 बजे रवाना होगीरेलवे अब यह ट्रेन कासगंज जंक्शन से यह ट्रेन कासगंज जंक्शन से रेलवे के इंजीनियर विभाग द्वारा नगरिया से कासगंज सिटी के बीच। द लाइनों की मरम्मत कार्य का काम 3 दिसंबर से शुरू किया गया। बीसीएस मशीन से लाइनों पर गिट्टी डालने का काम किया इइसके लिए विभाग नेअलग–अलग दिन कार्य करने के लिए ब्लॉक किया इसके बाद कासगंज सिटी से कासगंज जंक्शन के बीच कर को पूरा किया गया नगरिया उझानी बदायूं के बीच 31 दिसंबर को काम शुरू होना था लेकिन तीन 30 दिसंबर को ही कर्मचारियों ने कार्य को शुरू किया 15 फरवरी तक यह कार्य किया जाएगा मरम्मत के चलते रेलवे ने कासगंज से काशीपुर की ओर जाने वाली ट्रेन दोपहर 1.40 बजे जंक्शन से काशीपुर के लिए रवाना होती थी। अब यह ट्रेन 15 फरवरी तक कासगंज जंक्शन से काशीपुर के लिए दोपहर 3रू20 पर रवाना होगी। सोमवार को ट्रेन 3रू40 पर जंक्शन से रवाना होगी यह कार्य 15 फरवरी तक संतोषजनक कार्य होने की संभावना है

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें -
अमित कुमार वर्मा -संम्पादक
मोः-8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक-अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा



# अश्लील वीडियो, फिर ब्लैकमेल! खेत में बुलाकर उतरवाए कपड़े



हाथरस में एक महिला ने पड़ोसी युवक पर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। युवक ने कथित तौर पर महिला का अश्लील वीडियो बनाकर उसे धमकाया और फिर खेत में उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।उत्तर प्रदेश के हाथरस से मानवता को शर्मसार करने वाला एक और मामला सामने आया है। दरअसल जिले में एक महिला के साथ पड़ोसी युवक द्वारा दुष्कर्म करने की खबर ने सनसनी फैला दी है। कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली पीड़िता ने पड़ोसी युवक पर ब्लैकमेल कर खेत में दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।क्या है पूरा मामला?महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी युवक ने पहले उसका अश्लील वीडियो बनाया और फिर उसे वायरल करने की धमकी दी। महिला ने बार-बार गुजारिश की कि वह वीडियो डिलीट कर दे, लेकिन आरोपी ने खेत में मिलने के लिए बुलाया और शर्त रखी कि अगर वह उसके साथ संबंध बनाएगी, तो वह वीडियो हटा देगा।घटना के अनुसार, दबाव में आकर महिला ने उसकी शर्त मानी, लेकिन युवक ने खेत में उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद महिला ने हिम्मत जुटाकर पूरी बात अपने परिवार को बताई।परिवार के साथ पीड़िता ने स्थानीय थाने में शिकायत की, लेकिन वहां सुनवाई न होने के बाद वह एसपी दफ्तर पहुंची। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और महिला का मेडिकल परीक्षण करवाया।मामले पर पुलिस ने क्या कहा?पुलिस के अनुसार, युवक ने महिला का अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू किया था। घटना की जांच शुरू कर दी गई है, और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की प्रक्रिया जारी है।

## हसायन पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो चोरों को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की ट्राली बरामद

**हाथरस से संवावदाता मनोज शर्मा**



हाथरस। 27 दिसंबर को विनोद कुमार पुत्र आशाराम निवासी ग्राम खिटौली द्वारा थाना हसायन पर सूचना दी कि 26 दिसंबर को रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा उसके खेत पर लगी ट्राली (इंजन) को चोरी कर लिया गया है। वादी की प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना हसायन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा घटना का शीघ्र अनावरण करते हुए घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के सम्बन्ध में थाना प्रभारी हसायन को निर्देशित किया गया । जिसके क्रम में 27 दिसंबर को थाना थाना हसायन पुलिस द्वारा ट्राली चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया गया है जिनके नाम सुरजीत पुत्र चन्द्रपाल निवासी गांव खिटौली थाना हसायन, बन्टी पुत्र राकेश निवासी गांव खिटौली थाना हसायन जनपद हाथरस है। जिसके कब्जे से चोरी की हुई ट्राली बरामद हुए है । अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना हसायन पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम थाना प्रभारी सुनील कुमार मय टीम थाना हसायन जनपद हाथरस है।

## ओ0टी0एस0 एवं पी0एम0 सूर्यघर विद्युत योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने तथा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

**हाथरस से संवावदाता मनोज शर्मा**




हाथरस (सूचना विभाग)। ओ0टी0एस0 एवं पी0एम0 सूर्यघर विद्युत योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने तथा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग द्वारा संचालित की जाने वाली ओ०टी०एस० योजना के संबंध में जानकारी की। जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत ने विद्युत विभाग द्वारा संचालित की जाने वाली ओ०टी०एस० योजना से सम्बन्धित मुख्य बिन्दुओ को बताया गया जैसे कि यह योजना तीन चरणों में क्रमशः 15 से 31 दिसम्बर 2024, 01 जनवरी से 15 जनवरी 2025 एवं 16 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक चलेगी इसमें सभी प्रकार के उपभोक्ताओं को सरचार्ज में नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी। इस योजना का लाभ लेने हेतु पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बकाया धनराशि का 30 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में जमा किया जायेगा। कलेक्टिंग एजेंटों को सरचार्ज में छूट के उपरान्त जमा कराये गये सरचार्ज पर 10 प्रतिशत का प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल लगभग 142000 उपभोक्ताओं का विद्युत बिल बकाया है जिसके सापेक्ष प्रथम चरण में कुल 15519 उपभोक्ताओं ने लाभ हेतु पंजीकरण कराया है। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम होने पर जिलाधिकारी ने बड़े विद्युत बिल बकायेदारों तथा विद्युत संयोजन के उपरांत एक भी बार बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर ओ0टी0एस0 योजना के तहत बकाया जमा कराने के निर्देश दिए। ग्राम प्रधानों तथा कोटेदारों के भी बिल न जमा होने पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी तथा जिला पूर्ति अधिकारी को संबंधित का बिल का तत्काल जमा कराने के निर्देश दिए।इसके पश्चात् जिलाधिकारी ने पी0ओ0 नेडा तथा अधीक्षण अभियंता विद्युत को पी0एम0 सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने के निर्देश दिए। जिससे कि योजना के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी मिल सके। जिससे कि सभी इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने पी0एम0 सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना हेतु नामित वेंडरों को प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को वेंडरों द्वारा कृत कार्यवाही के संबंध में नियमित रूप से रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इस मौके पर अधिशासी अभियंता विद्युत हाथरस ने पीएम सूर्य घर योजना के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा पी०एम० सूर्य घर योजना संचालित की जा रही है, जिसमें जनपद हाथरस में 15000 निजी घरेलू आवासों पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में उक्त योजना के अन्तर्गत ऑन ग्रिड सोलर पावर प्लांट की स्थापना कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें अनुमानित लागत प्रति कि०वा० 65,000 की दर से भुगतान लाभार्थी संस्था द्वारा संबंधित वैण्डर को किया जायेगा तथा 01 कि०वा० भारत सरकार द्वारा रु0 30,000 तथा उ०प्र० सरकार द्वारा रु0 15,000, 02 कि०वा० संयंत्र पर भारत सरकार द्वारा 60,000 तथा उ०प्र० सरकार द्वारा 30,000 एवं 03 कि०वा० या उससे अधिक क्षमता के संयंत्र की स्थापना उपरान्त भारत सरकार द्वारा 78,000 तथा उ०प्र० सरकार द्वारा 30,000 की अधिकतम सब्सिडी सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जानी है, तथा जो लोग लोन लेकर संयंत्र की स्थापना कराना चाहते हैं, उनके लिये बैंकों द्वारा 07 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर पर ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है। योजना के लाभ के संबंध में बताया कि 01 कि०वा० के संयंत्र पर लाभार्थी को एक दिन में लगभग 04 से 05 यूनिट बनेंगे, जो कि एक माह में लगभग 120 यूनिट होंगी। संयंत्र से बनने वाली बिजली सीधे ग्रिड को जायेगी। जिससे लाभार्थी को 01 कि०वा० के संयंत्र पर एक माह में लगभग 840 रु० का विद्युत बिल में कमी आयेगी। इसी प्रकार प्रति कि०वा० 120 यूनिट से प्रति माह विद्युत बिल में कमी आयेगी। सोलर पावर प्लांट के द्वारा 25 वर्षों तक विद्युत का उत्पादन किया जायेगा। इससे विद्युत कम्पनीयों पर सब्सडी के भार में कमी आयेगी तथा कार्बन उत्सर्जित गैसों के प्रभाव में भी कमी आयेगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ पाने हेतु भारत सरकार के बेवसाइट https:psuryaghar-gov.पद पर जाकर अथवा पीएम सूर्यघर एप्लीकेशन अपने स्मार्ट फोन में डाउनलोड करके बेवसाइट पर एप्लीकेशन पर दी गयी आवेदन प्रक्रियानुसार किया जा सकता है, योजना में कोई भी घरेलू विद्युत कनेक्शन का उपभोक्ता अपने घर पर ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट लगवा सकता है, उपभोक्ता के घर के छत पर 01 कि.वा. सोलर पावर प्लांट लगवाने के लिए 10 वर्गमीटर लगभग 100 वर्गफीट छायारहित छत की आवश्यकता होगी, विद्युत उपभोक्ता अपने विद्युत कनेक्शन की क्षमता के बराबर या उससे कम ऑनग्रिड सोलर पावर प्लांट लगवा सकते हैं, केन्द्रीय व राज्य अनुदान जिस नाम से विद्युत कनेक्शन है उसी के बैंक खाते में सोलर पावर प्लांट लगने के उपरांत आयेगाबैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला सूचना अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर, यूपी नेडा, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता विद्युत, वेंडर आदि उपस्थित रहे।



हाथरस, को एक गौभक्त के सहयोग से भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य व गौ रक्षा हिन्दू दल के जिलाध्यक्ष शिव शंकर गुलाटी द्वारा लहरा अस्थाई गौशाला में गौवंशों को खिलाने के लिए नमकीन से बने प्रदार्थ लेकर पहुंचे जिससे गौवंश को पानी में गलाकर भूसे, व प्यार, करव, में मिलाकर गौवंशों को खिलाया जाता है , जिससे सूखे भूस, व प्यार, करव, को मन से नही खा पाते , भूस का नगला , लहरा, अस्थाई गौशाला पराग आदि में सभी गौवंश चाव से खाते है , सभी गौभक्त गौवंशों की सेवा करें , जय जय श्री रमण बिहारी जी, जय गौव

## हाथरस में गूगल ने फिर दिखाया गलत रास्ता बरेली-मथुरा नेशनल हाईवे पर मिट्टी के टीले से टकराई कार, एक ही जगह पर हुए 3 हादसे

उत्तर प्रदेश के हाथरस में मौजूद एक हाईवे दुर्घटनाओं का अड्डा बन चुका है। इस हाईवे पर 3 दिन में 3 एक्सीडेंट हो चुके हैं। 3 कारें दुर्घटनाग्रस्त हो गईं और 3 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हैरानी तो तब हुई जब 3 हादसों के बाद भी प्रशासन की नींद नहीं खुली और खुले भी क्यों, आखिर सारी गलती गूगल मैप की जो थी।3 कारें दुर्घटनाग्रस्त अंजान रास्ते पर चलते हुए कई लोग गूगल मैप का इस्तेमाल करते हैं। हाथरस में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। मथुरा-बरेली हाईवे के पास सड़क का निर्माण कार्य चल रहा था। ऐसे में सड़क पर डायवर्जन न होने के कारण एक के बाद एक 3 कारें दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। कार सवार ने गूगल मैप से रास्ता पूछा था। वहीं कार सवार बरेली से मथुरा के बरसाना जा रही थी।

